# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com

आष्टा • भैरुंदा • बुधनी • बैरछा • शुजालपुर • सोनकच्छ • कालापीपल • हाटपीपल्या • खातेगांव

भोपाल, 25 जुलाई 2025




## न्यूज कार्नर

### सांवरिया सेठ स्वरूप में सजे पूर्णेश्वर महादेव



**सोनकच्छ।** गुरुवार को मां अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में विराजमान श्री पूर्णेश्वर महादेव का भगवान सांवरिया सेठ के अलौकिक स्वरूप में श्रृंगार हुआ। इस दिन हरियाली अमावस्या के पावन संयोग ने मंदिर की धार्मिक भव्यता को दोगुना कर दिया। यहां सैकड़ों भक्तों की अटूट भीड़ ने दर्शन-पूजन का लाभ प्राप्त किया। कलाकारों द्वारा भोलेनाथ को सांवरिया सेठ के रूप में अत्यंत कलात्मक ढंग से सजाया। यह श्रृंगार सावन माह में प्रतिदिन होने वाले आकर्षक श्रृंगार की परंपरा का हिस्सा है। आज का दिन श्रावण मास की अमावस्या के रूप में मनाई जा रही हरियाली अमावस्या के कारण अति विशेष रहा। जिसके चलते मंदिर प्रांगण में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी। श्रद्धालुओं ने सांवरिया सेठ स्वरूप के दर्शन कर अपने जीवन में समृद्धि की कामना की। संध्या को भव्य आरती में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। घंटी, शंख ध्वनि और हर-हर महादेव के जयकारों से संपूर्ण मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### युवक ने घर की छत पर जाकर फांसी लगाई

**देवास।** कालोनी बाग स्थित राज राजेश्वरी मंदिर के समीप एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शुभम पिता राजेश पटेल 30 वर्ष निवासी ग्राम भूतिया तहसील टोंकखुर्द जिला देवास के रूप में हुई है। वर्तमान में शुभम अपनी पत्नी के साथ कालानी बाग सी सेक्टर में किराये के मकान में रह रहा था और आयशर कंपनी में काम करता था। यह घटना बुधवार की रात करीब 10.30 बजे की है। शुभम आयशर कंपनी में कार्यरत था और करीब दो वर्ष पूर्व ही उसका विवाह हुआ था।

# धर्मांतरण के आरोप को लेकर हाउल ग्रुप के सदस्यों की इंदौर में पिटाई

**बरोठा में हुई पुलिस कार्यवाही के खिलाफ प्रेस वार्ता ले रहे थे**





**देवास।** देवास जिले के बरोठा थानांतर्गत ग्राम शुक्रवासा के जंगल में पकड़े गए संदिग्ध युवक-युवतियों के मामले में गुरुवार को उस समय इंदौर में नया मोड़ आ गया, जब इस प्रकरण को लेकर प्रेस वार्ता कर रहे सौरभ बेनर्जी व उनके साथियों पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए पिटाई करना शुरु कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सौरभ बेनर्जी जब इंदौर प्रेस क्लब में पहुंचे और मीडिया के समक्ष अपनी बात रख रहे थे, तभी अचानक कुछ युवक नारेबाजी करते हुए अंदर आए और मंच पर चढ़ गए। इसके बाद कांफ्रेंस स्थल पर अफरात-तफरी का माहौल बन गया और सौरभ बेनर्जी व उसके कुछ अन्य साथियों के साथ हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर मारपीट की। उधर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सौरभ बेनर्जी आदिवासी क्षेत्र में गुपचुप तरीके से धर्मांतरण की गतिविधियों में लिप्त है और देवास के जंगल में पकड़े गए युवक-युवतियों का संबंध भी इसी नेटवर्क से है। जबकि सौरभ बेनर्जी ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खुद को निशाना बनाए जाने की बात कही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। उल्लेखनीय है कि बरोठा थाना पुलिस ने मंगलवार को शुक्रवासा के जंगल में बने एक ट्री हाउस पर छापा मारकर कुछ युवक-युवतियों को हिरासत में लिया था। प्रारंभिक पूछताछ में प्रतीत हुआ था कि ये लोग धर्मांतरण को लेकर अभियान चला रहे है। वहीं नक्सली गतिविधि भी संचालित कर रहे है। पुलिस ने लंबी पूछताछ के बाद शाम को इन लोगों को शर्त पर वापस छोड़ा था कि जब भी उन्हें बुलाया जाएगा, उन्हें पूछताछ के लिए आना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि ये लोग हाउल ग्रुप द्वारा एक संस्था का संचालन कर रहे थे। इन लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुधवार को बुलाया था, किंतु सौरभ बेनर्जी ने अपनी मां के आपरेशन का बहाना बनाकर कहा था कि गुरुवार को आएगा, किंतु गुरुवार को देवास पुलिस के पास आने के बजाय बेनर्जी व उसके साथियों ने इंदौर में प्रेस वार्ता की आयोजना बनाई, जिसकी जानकारी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को लगी वे सीधे इंदौर प्रेस क्लब पहुंचे, जहां पर बेनर्जी व उसके साथियों की पिटाई कर दी गई।

### एक पिता ने अपनी बेटी को वापस दिलाने की लगाई थी फरियाद

बताया जा रहा है कि हाउल ग्रुप के कर्ताधर्ता इंदौर शहर के पढ़-लिखे युवाओं को अपनी गिरफ्त में लेते थे और फिर उनका ब्रेनवॉश इस तरह करते थे कि वे न सिर्फ अपने माता-पिता को छोड़ देते थे, बल्कि भगवान को भी मानने से इंकार कर देते थे। ऐसी ही एक युवती के पिता ने अपनी बेटी को वापस दिलाने के लिए पुलिस व प्रशासन से गुहार लगाई थी। इसके बाद यह मामला उजागर हुआ है। उस पिता ने बताया था कि उनकी बेटी पुणे में पढ़ाई करती थी, वहां से वह इंदौर आ गई थी और कोचिंग क्लास जाने लगी थी। वहीं पर हाउल ग्रुप के युवकों से उसकी मुलाकात हो गई और इन लोगों ने बेटी का इतना माइंड वॉश कर दिया कि उनकी बेटी अपने परिवार को देखना तक पसंद नहीं कर रही है। प्रताड़ित परिवार को जब सूचना मिली कि यह लोग बरोठा से आकर इंदौर में प्रेस वार्ता कर रहे है, तो पीड़ित परिवार ने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इन लोगों की धुनाई कर दी।

### गुरुवार शाम को देवास पुलिस ने की पूछताछ

इंदौर में हुई पिटाई के बाद सौरभ बेनर्जी और उसके साथी बरोठा पुलिस के समक्ष तलब हुए। उन्हें पुलिस ने नोटिस जारी किया था, किंतु वे दो दिन से नहीं आ रहे थे। गुरुवार की शाम को वे देवास पहुंचे और यहां से बरोठा पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई। जहां पर विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ की गई। खास तौर पर पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि आखिर इनके ग्रुप को फंडिंग कहां से हो रही थी और उसका उपयोग क्या किया जा रहा था। इसके अलावा धर्मांतरण मामले में भी गंभीरता से जांच की जा रही है।

**शुक्रवासा के** जंगल में पिछले 4-5 साल से ये लोग एक कुटिया बनाकर कार्य कर रहे थे। जिसमें इंदौर के अच्छे परिवारों के पढ़े-लिखे बच्चे भी शामिल है। हमें हाल ही में एक शिकायत मिली थी कि इस आधार पर राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्यवाही की थी, जहां पर 4 युवक-युवती मिले थे, जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। साथ ही मौके से कुछ इलेक्ट्रिक डिवाइड, आपत्तिजनक साहित्य, पाकिस्तानी के पूर्व पीएम इमरान खान से जुड़ी किताब मिली है। फिलहाल इन सभी साहित्य की जांच चल रही है और अभी इन लोगों से पूछताछ की जाएगी। उसके बाद ही आगामी कार्यवाही होगी।



**पुनीत गेहलोद, एसपी, देवास**

### ग्रुप की एक सदस्य बिन ब्याही मां बनी

बताया जा रहा है कि ग्रुप की एक महिला सदस्य जो पिछले 4-5 वर्षों से शुक्रवासा के जंगल में रह रही है। वह अविवाहित है, किंतु एक बच्चे की मां बन चुकी है। बच्चा किसका है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। बरोठा पुलिस ने जो मोबाइल जब्त किये है, उसकी वाट्सएप चेटिंग से पता चलता है कि यहां पर रहने वाले सदस्यों के बीच शारीरिक संबंध आम बात है। इस मामले में ओर भी कई खुलासे होने वाले है। फिलहाल पुलिस इस ग्रुप की तह तक जाने वाली है और बैंक खाते भी खंगाले जा रहे है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि आखिरकार इस ग्रुप को फंडिंग कहां से हो रही थी।

## न्यायालय परिसर में मारपीट मामले में 34 लोगों पर प्रकरण दर्ज

**देवास।** दर्पण देवास नामक फर्जी फेसबुक आईडी चलाने वाले आरोपित हर्ष वर्मा को बुधवार को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया था, जहां पर बड़ी संख्या में युवक एकत्रित हो गए थे और उन्होंने हर्ष वर्मा के साथ मारपीट का प्रयास किया था। हालांकि पुलिस ने बीचबचाव कर उसे बचा लिया था। चूंकि देवास में जिला दंडाधिकारी व कलेक्टर ऋतुराजसिंह ने धारा 144 लगा रखी है। जिसका उल्लंघन इस भीड़ ने किया था। इसी को लेकर देर रात को सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 188 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था, किंतु गुरुवार की सुबह वीडियो फूटेज के आधार पर मारपीट का प्रयास करने वाले लोगों की पहचान की गई और 34 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है, उनमें राजू खान, वीरेन्द्र ठाकुर, चिंटू चौधरी, अजय ठाकुर, रूपेश चौरसिया, नरेन्द्र डांडगे, नीतेश प्रजापति, राहुल दायमा, भावेश मराठा, सचिन भौंसले, दुर्गेश चिल्लोरिया, हेमंत कहार, शुभम चौहान, शैलेंद्र, सोनू उर्फ दीपेश चौधरी, रजनीश परमार, आयुष वर्मा, विमल शर्मा, मनोज राय, अजय पहाड़िया, अर्जुन चौधरी, पृथ्वीसिंह बना, अभिषेक गोस्वामी, परम खरे, बाबू यादव, राजा अकोदिया, सचिन जोशी, हिमांशु राजोले, सुनील यादव, राजवर्धन यादव, चिंटू रघुवंशी, दीपेश परिहार, महेश फुलेरी एवं हरिओम माली शामिल है।

## स्मार्ट मीटर और बढ़ते बिजली बिल को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**देवास।** देवास की जनता महंगी बिजली से परेशान है, हर वर्ग स्मार्ट मीटर और बिजली बिल से त्रस्त है। इसी के विरोध में गुरुवार को शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में विद्युत विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है, किंतु फिर भी गरीब उपभोक्ताओं के यहां जबरन स्मार्ट मीटर लगाकर उनसे अधिक बिजली बिल वसूला जा रहा है। कमलनाथ सरकार में 100 रुपये में 100 यूनिट बिजली दी जाती थी, वर्तमान की भाजपा सरकार में बिजली बिल के नाम पर लूट मची हुई है। केवल बड़े उद्योगपति को फायदा पहुंचाने के लिए आम जनता को बिजली बिल के नाम पर डराया जा रहा है। स्मार्ट मीटर के कारण कभी बिजली ऑटो मैटिक कट जाती है, कभी उपयोग से ज्यादा तेज रीडिंग दिखाता है। बिजली बिल भरने के बावजूद मेंटेनेंस के नाम पर आए दिन बिजली कटौती होती है। अतः वर्तमान में बढ़े हुए बिजली बिल को वापस लेकर जनता को तुरंत राहत दे और स्मार्ट मीटर की तकनीकी खामियों को दूर कर उचित दर पर आम जन को बिजली मुहैया कराए। अन्यथा कांग्रेस पार्टी आमरण अनशन करेगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता भगवानसिंह चावड़ा, जयसिंह ठाकुर, सुधीर शर्मा, रेखा वर्मा, रमेश व्यास, नरेंद्र यादव, प्रदीप चौधरी, संतोष मोदी, जाकिर शेख, प्रयास गौतम, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, प्रमोद सुमन, अनिल गोस्वामी, इम्तियाज शेख, पंकज वर्मा, हिम्मतसिंह चावड़ा, राहुल पंवार, दीपेश कानूनगो, डॉ. रितेश शर्मा, रोहित शर्मा, प्रतीक पंडित, दिग्विजय सिंह, ईशान राणा, मुकेश झारेवाल, हारिस गजधर सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे।

**स्कूबी के जन्मदिन पर 351 ब्राह्मणों को कराया भोज, तीन दिनों तक हुए आयोजन**

# पशु प्रेमी कराड़ा ने मनाया डॉग स्कूबी का जन्मदिन शानदार पार्टी में शामिल हुए शहर के सैकड़ों लोग





**जागरण शाजापुर।** इंसान और पशुओं के बीच प्यार पर **तेरी मेहरबानियां, हाथी मेरा साथी** और **परिवार** जैसी कई हिट फिल्में बनीं है, ऐसी फिल्मों को लोगों ने खूब पसंद किया। लेकिन पशु प्रेम की जिंदा मिसाल शाजापुर जिले में देखने को मिलती हैं। शाजापुर जिले के समृद्ध किसान गोविंद कराड़ा जिन्होंने देश-विदेश में अपनी उद्यानिकी तकनीक के झंडे गाड़े है।

उन्हें पर्यावरण के साथ ही पशुओं से भी प्यार है। गोविंद कराड़ा ने डॉग स्कूबी को अपना पुत्र बनाया है जो अब परिवार का एक सदस्य है और स्कूबी सिंह कराड़ा के नाम से जाना जाता है। पिता गोविंद कराड़ा ने उसे पुत्र मानकर वंशावली में भी नाम दर्ज कराया है। साथ ही उसे कुंभी स्नान के साथ चारों धाम की यात्रा भी कराई है।

श्री कराड़ा ने अपने परिवार के सदस्य प्यारे स्कूबी का 8वां जन्मदिन अनोखे अंदाज में मनाया। 23 जुलाई को जन्मदिन अवसर पर 351 ब्राह्मणों को भोजन कराया गया और उसका जन्मदिन मनाया गया। उन्होंने अपने स्कूबी के जन्मदिन पर शाजापुर जिले के बिरगोद ग्राम स्थित हॉलीवुड हिल्स पर जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। जन्मदिन के मौके पर स्कूबी का बर्थडे पोस्टर लगाया स्कूबी को सजाकर तैयार किया गया। उसे गोद में उठाकर सबके सामने केक काटा गया। इस दौरान सभी ने हैप्पी बर्थडे बोलकर स्कूबी के प्रति अपने प्यार का इजहार किया।

### कराड़ा बोले मेरे दो पुत्र हैं

ग्राम बिरगोद में जन्में गोविंदसिंह कराड़ा के बड़े पुत्र अविनाश कराड़ा हॉलीवुड में एक्टर है, वहीं दूसरा पुत्र स्कूबी है। उन्होंने कहा कि स्कूबी का जन्म डॉग की प्रजाति में हुआ है, परंतु हमने उसको अपने पुत्र जैसा ही माना है और उसके जैसा ही उसका पालन पोषण कर रहे है। हमारी जो वंशावली है, उसमें भी उसका नाम दर्ज करवा दिया है। स्कूबी को भगवान ने भले ही चौला डॉग का औढ़ाया हो लेकिन उसको समझ इंसानों जैसी दी है। हमारे सनातन धर्म में सभी प्राणी एवं जीव जंतु को एक उचित स्थान दिया गया है। हम गाय को माता और सर्प को महादेव मानते है, तो डॉग को भी अपना बेटा बनाया जा सकता है। अगर आपमें उस दर्जे की मानवता विद्यमान है तो।

### कुंभ स्नान के साथ कराई चारों धाम की यात्रा

स्कूबी को उसके माता पिता अपने साथ सभी धार्मिक यात्रा पर लेकर जाते है। श्री कराड़ा ने स्कूबी को चारों धाम, महादेव ज्योतिर्लिंग, शक्ति पीठ आदि यात्राएं कराई है। स्कूबी मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त कर चुका है। पिछले 8 वर्षों में उसके माता पिता ने एक दिन भी उसको अपने से अलग नहीं रखा

### ग्रीन स्पेस पार्क में किया पौधरोपण



**जागरण नलखेड़ा।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के 'अंतर्गत नगर परिषद द्वारा 151 पौधों का पौधा रोपण किया गया। गुरुवार को नगर परिषद द्वारा बल्डावदा हनुमान मंदिर के सामने निर्माणाधीन ग्रीन स्पेस पार्क में जनप्रतिनिधियों व निकाय कर्मचारियो द्वारा पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नगरवासियों व समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, पार्षदगण गोवर्धन वेदिया, विष्णु प्रसाद आटेडिया, इसाक खा, विजय भिलाला, वंदना जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधिगण भूरू मेव, इलियास खा, अशोक जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय बहादुर सिंह, बाबूसिंह राजपूत सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## हरियाली अमावस्या के अवसर पर महाविद्यालय में किया पौधरोपण



**जागरण शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में गुरूवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी ने की। विद्यार्थियों एवं स्टॉफ सदस्यों द्वारा महाविद्यालय परिसर के बॉटनीकल गार्डन में औषधीय पौधे मोरसली, ब्लेक फायकस, हरसिंगार, मोहगनी, मधुकामनी, इन्सालिन, पंचमसाला आदि के पौधे रोपित किए गए। इस दौरान महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी ने कहा कि हमें सिर्फ पर्यावरण को संरक्षित ही नही करना है, वरन पर्यावरण के साथ समय भी बिताना है। उन्होने कहा कि पौधारोपण कर देने मात्र से हमारा उत्तदायित्व समाप्त नही हो जाता है, पौधों को बचाना भी हमारा उद्देश्य एवं कर्तव्य होना चाहिए।

### नदी में किया जवारों का विसर्जन

**जागरण शाजापुर।** हरियाली अमावस्या उत्साहपूर्वक मनाई गई और इस दिन जगह-जगह पौधों का रोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया गया। वहीं मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। विशेषकर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और लोग शिव की विशेष रूप से पूजा-अर्चना करने में जुटे रहे। शहर के मंदिरों में पेड़ों की हरी टहनियों से श्रंगार किया गया। उल्लेखनीय है कि गुरूवार को हरियाली अमावस्या पर मंदिरों में भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई।

## बस स्टैंड की समस्याओं को लेकर नगर परिषद सीएमओ को बस यूनियन ने दिया ज्ञापन



**जागरण नलखेड़ा।** नगर में स्थित बस स्टैंड पर व्याप्त समस्याओ को लेकर बस यूनियन संघ के सदस्यों द्वारा नगर परिषद सीएमओ को शिकायती आवेदन दिया गया जिसमें उक्त समस्याओं का निदान करने की मांग की गई।

गुरुवार को समस्त बस यूनियन संघ के सदस्यों ने नगर परिषद सीएमओ विजय बहादुर सिंह को दिए गए शिकायती आवेदन में बताया गया कि नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों के लिए पानी पीने के लिए टंकी रखी गई है लेकिन अधिकांश दिनों मे इस टंकी में पानी नहीं रहता है जिसके चलते यात्रियों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ता है वही बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय में स्थित शौचालय में सफाई नहीं होने से गंदगी के कारण दुर्गंध आती रहती है जिसके चलते यात्रियों को शौचालय के लिए इधर.उधर भटकना पड़ रहा है। आवेदन में यह भी बताया गया कि बस स्टैंड पर यात्रियों को बैठने की जगह भी नहीं है वहीं यात्री प्रतीक्षालय में बनी कुर्सियों पर दुकानदारों द्वारा बैरिकेट्स लगाकर यात्रियों को बैठने नहीं दिया जाता है व यात्रियों से अभद्र व्यवहार किया जाता है। आवेदन में यह भी बताया गया कि नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड पर एक अस्थाई कर्मचारी नियुक्त किया गया है लेकिन उक्त कर्मचारी द्वारा भी इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता है उक्त कर्मचारी से समस्या के बारे में कहां गया तो उसने कहा कि मेरी कोई जवाबदारी नहीं है मेरी तो बस स्टैंड पर आने वाली यात्री बसों से 30 प्रति यात्री बस लेने की जवाबदारी है। बस यूनियन संघ के सदस्य द्वारा उक्त समस्याओं को हल कर नगर परिषद द्वारा नियुक्त किया कर्मचारियों को हटाने की मांग की गई है।

### हस्ताक्षर से संकल्प शपथ से परिवर्तन

**जागरण शाजापुर।** नशे से दूरी है जरूरी विशेष जन-जागरूकता अभियान अंतर्गत शाजापुर पुलिस द्वारा जिलेभर में एक सशक्त, संगठित एवं प्रेरणादायक जन आंदोलन चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य समाज के समस्त वर्गों, विशेषतः युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए एक स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त समाज की नींव रखना है। इसीको लेकर गुरूवार दोपहर को जिला मुख्यालय स्थित बड़ा चौक पर पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत द्वारा सामूहिक हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, पत्रकार, नागरिक एवं पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ 'सामूहिक हस्ताक्षर अभियान' चलाया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार संजय गर्ग टप्पा पीपलरावां तहसील सोनकच्छ जिला देवास (म.प्र.)**
क्रमांक/796/प्रवाचक/2025
पीपलरांवा, दिनांक 14/07/2025
राजस्व प्रकरण क्र. 0039/बी-121/2024-25

**विज्ञप्ति**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचना-पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि श्रीमान कलेक्टर महोदय देवास के प्रकरण की आदेशिका दिनांक 25/06/2025 के अनुसार कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-32 बड़वाह जिला खरगोन के द्वारा नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 के "प्रारूप एक" में आवेदन प्रस्तुत कर देवास जिले की तहसील सोनकच्छ के ग्राम दहरिया पेठ स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 176 रकबा 2.240 हेक्टेयर में से रकबा 0.00084 हेक्टेयर भूमि पर आईएसपी कालीसिंध पीएच-1 एमएलआईएस के लिये स्कोर वाल के निर्माण हेतु आवंटन किये जाने बाबद आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त भूमि पर आईएसपी कालीसिंध पीएच-1 एमएलआईएस के लिये स्कोर वाल के निर्माण हेतु आवंटन किये जाने के संबंध में आप मेरे समक्ष न्यायालयीन समय 10:00 से शाम 6:00 बजे तक पेशी दिनांक 29/07/2025 को स्वयं उपस्थित होकर या अपने प्रतिनिधि अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिती में एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में आदेश पारित कर दिये जावेंगे। आज दिनांक 14/07/2025 को हमारे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तह. सोनकच्छ जिला देवास**

**न्यायालय नायब तहसीलदार संजय गर्ग टप्पा पीपलरावां तहसील सोनकच्छ जिला देवास. (म.प्र.)**
क्रमांक/796/प्रवाचक/2025
पीपलरांवा, दिनांक 14/07/2025
राजस्व प्रकरण कं 0041/बी-121/2024-25

**विज्ञप्ति**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचना-पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि श्रीमान कलेक्टर महोदय देवास के प्रकरण की आदेशिका दिनांक 25/06/2025 के अनुसार कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-32 बड़वाह जिला खरगोन के द्वारा नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 के "प्रारूप एक" में आवेदन प्रस्तुत कर देवास जिले की तहसील सोनकच्छ के ग्राम सुराखेड I कला स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 12 रकबा 0.470 हेक्टेयर में से रकबा 0.0009 हेक्टेयर भूमि पर आईएसपी कालीसिंध पीएच-1 एमएलआईएस के लिये स्कोर वाल के निर्माण हेतु आवंटन किये जाने बाबद आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त भूमि पर आईएसपी कालीसिंध पीएच-1 एमएलआईएस के लिये स्कोर वाल के निर्माण हेतु आवंटन किये जाने के संबंध में आप मेरे समक्ष न्यायालयीन समय 10:00 से शाम 6:00 बजे तक पेशी दिनांक 29/07/2025 को स्वयं उपस्थित होकर या अपने प्रतिनिधि अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिती में एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में आदेश पारित कर दिये जावेंगे। आज दिनांक 14/07/2025 को हमारे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तह. सोनकच्छ जिला देवास**

**न्यायालय नायब तहसीलदार संजय गर्ग टप्पा पीपलरावां तहसील सोनकच्छ जिला देवास (म.प्र.)**
क्रमांक/796/प्रवाचक/2025
पीपलरांवा, दिनांक 14/07/2025
राजस्व प्रकरण क्र.. 0040/बी-121/2024-25

**विज्ञप्ति**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचना-पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि श्रीमान कलेक्टर महोदय देवास के प्रकरण की आदेशिका दिनांक 25/06/2025 के अनुसार कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-32 बड़वाह जिला खरगोन के द्वारा नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 के "प्रारूप एक" में आवेदन प्रस्तुत कर देवास जिले की तहसील सोनकच्छ के ग्राम खुटखेडा स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 887 रकबा 0.960 हेक्टेयर में से रकबा 0.0084 हेक्टेयर भूमि पर आईएसपी कालीसिंध पीएच-1 एमएलआईएस के लिये स्कोर वाल के निर्माण हेतु आवंटन किये जाने बाबद आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त भूमि पर आईएसपी कालीसिंध पीएच-1 एमएलआईएस के लिये स्कोर वाल के निर्माण हेतु आवंटन किये जाने के संबंध में आप मेरे समक्ष न्यायालयीन समय 10:00 से शाम 6:00 बजे तक पेशी दिनांक 29/07/2025 को स्वय उपस्थित होकर या अपने प्रतिनिधि अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिती में एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में आदेश पारित कर दिये जावेंगे। आज दिनांक 14/07/2025 को हमारे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तह. सोनकच्छ जिला देवास**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विक्रेता पक्ष श्री सुभाषचन्द्र पिता बाबूलाल सिसोदिया निवासी मास्टर कालोनी आगर तहसील आगर जिला आगर के मालिकी स्वामित्व व आधिपथ का मकान जो शाजापुर महुपुरा पुरानी नगर पालिका के सामने स्थित है जिसमे वर्तमान में बंधन बैंक का आफिस चल रहा है को विक्रय करने का सौदा करके क्रेता पक्ष से आंशिक बयाना प्राप्त कर अनुबंध किया गया है, मेरे पक्षकार ने उक्त मकान विष्णु राठौर पिता नागुलाल जी राठौर से दिनांक 11.02.2005 को रजिस्ट्री के माध्यम से क्रय किया है। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का पारिवारीक वाद-विवाद, बंटवारा, कब्जा, डिग्री, कुर्की न्यायालय मे लंबित हो या किसी व्यक्ति विशेष का बकाया हो या इस सम्पत्ति से संबंधित किसी अन्य व्यक्ति से विक्रय / क्रय नामा निष्पादित किया हो या अन्य किसी भी प्रकार का कोई सहव्यवहार किया गया हो तो प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करे । अन्यथा वाद मियाद के बाद पक्षकार उक्त सम्पत्ति का ई-पंजियन अपने या अपने प्रतिनिधि के पक्ष मे करवा लेंगे। इसके बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी एवं उक्त सम्पत्ति पर प्रथम हक मेरे पक्षकार का माना जायेगा ।
दिनांक - 24.07.2025

**स्वाति चौहान** अधिवक्ता
म.न. 157, वार्ड नं. 03 शाजापुर
मो.- 9425492391

# अमर शहीद कुंवर चैनसिंह को विधानसभा अध्यक्ष ने किया याद, उनके नाम से प्रतिभा सम्मान दिया जाए, सालभर हों लगातार आयोजन

## कुंवर चैनसिंह के वंशज नरसिंहगढ़ के पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिंह भी पहुंचे कुंवर चैनसिंह की छतरी, नमन करते हुए किया पुण्यस्मरण





**जागरण, सीहोर।** अमर शहीद कुँवर चैन सिंह के शहादत दिवस पर शासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने अमर शहीद कुँवर चैनसिंह को श्रद्धासुमन आर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अमर शहीद कुँवर चैन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि मप्र के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मुझे आज उस पावन धरती पर आने का सौभाग्य मिला है, जिस भूमि पर आजादी के लिए एक प्रकार से पहली सशस्त्र क्रांति की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में सबसे पहले देश है। उन्होंने कहा कि देश होगा, तभी हम सभी होंगे। बिना देश के हमारा कोई अस्तित्व नहीं है।

उन्होंने कहा कि अमर शहीद कुँवर चैनसिंह की शहादत इस बात की प्रेरणा देती है कि कुँवर चैनसिंह के मन में थोड़ा भी लालच होता तो उनकी शहादत नहीं होती और राजशाही जीवन व्यतीत कर सकते थे। लेकिन उन्होंने देश को सबसे ऊपर रखा और भारत को आजाद करने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में पद, प्रतिष्ठा, धन, दौलत की पूजा नहीं होती बल्कि व्यक्ति के गुणों की पूजा होती है। व्यक्ति के गुणों के कारण ही उन्हें सदैव याद रखा जाता है। उन्होंने कहा कि आज यहां इतनी बड़ी संख्या में नागरिक कुँवर चैनसिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे हैं, तो वह केवल उनके देश के प्रति समर्पण और बलिदान के कारण। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, अशफाक उल्ला खान, रामप्रसाद बिस्मिल, बलवंत राव फड़के, दुर्गा देवी सहित अनेक देशभक्तों और क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया पर इन बलिदानियों को मजहब के आधार पर कोई नहीं जानता बल्कि देश के लिए किए गए बलिदान के लिए इन्हें पूरा देश नमन करता है। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले इस तरह के कार्यक्रम निश्चित ही समाज को प्रेरणा देते हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने नगर पालिका द्वारा कम्युनिटी हॉल का नाम कुँवर चैनसिंह के नाम पर रखे जाने तथा उनकी गौरव गाथा को प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तथा इस आयोजन के लिए डॉ. बलवीर तोमर की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम केवल जयंती या शहादत दिवस के अवसर पर ही नहीं होना चाहिए बल्कि साल में कई बार ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए ताकि नागरिकों को इनसे प्रेरणा मिले और आने वाली पीढियां इन बलिदानियों के बारे में जान सके। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को केंद्र में रखकर भी आयोजित किए जाने चाहिए ताकि उन्हें देश की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों के बारे में पता चले और उनसे प्रेरणा लेकर वह एक अच्छे नागरिक और देशभक्त बन सकें।

उन्होंने सुझाव दिया कि कुँवर चैनसिंह और उनके साथी हिम्मत खां, बहादुर खां के नाम पर बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित की जानी चाहिए तथा उसमें बच्चों को सम्मानित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने अपना संबोधन देते हुए कहा कि आज हमारा देश यदि आजादी हासिल कर सका है तो उसमें सबसे बड़ा योगदान ऐसे अमर बलिदानियों का है, जिन्होंने भरी जवानी में हंसते-हंसते देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। पूर्व विधायक एवं अमर शहीद कुँवर चैन सिंह के वंशज राज्यर्वधन सिंह ने अमर शहीदों को नमन करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और इस आयोजन के लिए आयोजकों और सीहोर जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि सीहोर के साथ-साथ ही नरसिंहगढ़ में भी ऐसा ही गरिमामई आयोजन होता है, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी जाती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिम्मत खां और बहादुर खां के वंशज जेडए लोधी ने सभी उपस्थितजनों को नरसिंहगढ़ रियासत और कुंवर चैनसिंह के इतिहास तथा अंग्रेजों से बहादुरी से लड़ते हुए देश ले लिए उनकी दी गई शहादत से विस्तृत रूप से अवगत कराया तथा इस इतिहास से सभी को परिचित कराए जाने के लिए इसे व्यापक प्रचार-प्रसार द्वारा सभी तक पहुंचाने की बात कही ताकि आम जनता इससे वाकिफ हो सके और इसके ऐतिहासिक महत्व को समझ सके। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती तथा भारत जोड़ो आंदोलन के संयोजक डॉ. बलवीर तोमर ने श्रद्धासुमन अर्पित किए और कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य सिलाई बोर्ड के अध्यक्ष मनोहर लाल माहेश्वरी, कलेक्टर बालागुरु के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला, सन्नी महाजन, पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भी शहीदों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### विधानसभाध्यक्ष को नपाध्यक्ष राठौर ने सौंपा ज्ञापन



गुरुवार को मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर शहीद कुंवर चैन सिंह की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर जिले के पूर्व प्रभारी मंत्री रामपाल सिंह, पूर्व विधायक शहीद के वंशज राजवर्धन सिंह, बहादुर खां-जफर खां के वंशज जेडएल लोधी, बलवीर तोमर आदि शामिल थे। हमारा क्षेत्र स्वतंत्र आंदोलन में अहम स्थान रखता है। मध्य प्रदेश में भोपाल के निकट स्थित नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैन सिंह 24 जुलाई 1824 को अंग्रेज हुकूमत के विरुद्ध लड़ते हुए अपने 54 विश्वस्त साथियों के साथ वीर गति को प्राप्त हुए थे। इनमें हिम्मत खां और बहादुर खां के नाम प्रमुख हैं। साथ ही इस युद्ध में चैन सिंह के साथ आई वीरांगना उमेदा बाई भी शहीद हुई थीं जिनके बारे में कहा जाता है कि वह युद्ध कला में निपुण होने के साथ साथ कुशल नृत्यांगना भी थीं। इस युद्ध में सभी जाति, वर्ग और धर्म के वीर योद्धा शामिल हुए थे। स्वतंत्रता संग्राम में सीहोर के संदर्भ में शहीद कुंवर चैन सिंह का गौरवशाली इतिहास रहा।

### पूरे क्षेत्र का सीमांकन कराकर विकसित किया जाए

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने विधानसभा अध्यक्ष से इस पूरे क्षेत्र सीमांकन कराकर बाउंड्रीवाल कराने तथा यहां बच्चों के लिए एक पार्क बनाकर पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। श्री गुजराती ने कहा कि इसे स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कर सीहोर तथा आसपास के स्कूली बच्चों को यहां लाकर इसके ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया जाए।

## न्यूज कार्नर

### महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



**जागरण, सीहोर ।** स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में विधिक सेवा प्रकृति की रक्षा कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कार्यकम आयोजित किया गया। इस पौधरोपण कार्यकम में बादाम, कदंब, जामुन, आम, पीपल, नीम बरगद, इमली, कबीट, आमला आमला सहित अन्य प्रजाति के लगभग 150 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में न्यायाधीश एवं जिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, प्राचार्य इंजी. सीजी ढबू सहित अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर सभी ने पौधों का संरक्षण करने की शपथ भी ली।

### अभी तक 488.5 एमएम औसत वर्षा दर्ज

**जागरण, सीहोर ।** जिले में बीते 24 घंटे में प्रात 8 बजे तक 14.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 5.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0.0, आष्टा में 0.0, जावर में 3.0, इछावर में 3.0, भैरूंदा में 38.0, बुधनी में 30.8, रेहटी में 34.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 24 जुलाई को प्रात 8 बजे तक 488.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 447.0 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 24 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 456.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 449.1, आष्टा में 313.0, जावर में 309.0, इछावर में 466.3, भैरूंदा में 541.0, बुधनी में 706.7 तथा रेहटी में 667.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### जिले में 36360.95 मेट्रिक टन मूंग की खरीदी

**जागरण, सीहोर ।** शासन के निर्देशानुसार जिले में मूंग उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। जिले में अभी तक 59 उपार्जन केंद्रों पर 12,924 किसानों से 36360.95 मेट्रिक टन मूंग की खरीदी की जा चुकी है। इसके साथ ही किसानों को 07 करोड़ 13 लाख रूपये की राशि का भुगतान भी किया जा चुका है।

### नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम

**जागरण, सीहोर ।** जन अभियान परिषद सीहोर द्वारा ग्राम छतरी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा नवांकुर सखियों को बीज रोपित थैलियों का वितरण किया गया। नवाकुंवर सखियों द्वारा इन पौधों को रोपित किया जाएगा और इनकी देखभाल भी की जाएगी। इस अवसर पर कलश यात्रा भी निकाली गयी। कार्यक्रम में नवांकुर सखियों को केसरिया पट्टी से सम्मानित किया गया। यात्रा में सखियों ने पर्यावरण संरक्षण के नारों के साथ आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधों का रोपण भी किया। जिला समन्वयक श्रीमती पारूल उपाध्याय ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के लिए की अभिनव पहल है। इस कार्यक्रम के तहत स्थानीय महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## कांग्रेसजनों ने लाड़ली बहना योजना में नए नाम जोड़ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

### लाड़ली बहनों से किए सभी वादे तत्काल पूरा करे राज्य सरकार : पंकज शर्मा



**जागरण, सीहोर।** गुरुवार को मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सीहोर आगमन पर कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में उनसे मुलाकात कर उनको एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मप्र में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत नए नाम जोड़े जाने के लिए सर्वे शुरू किए जाने और इसके तहत दी जा रही राशि को तीन हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने की मांग विधानसभा अध्यक्ष से की। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने बताया कि मप्र में राज्य सरकार द्वारा महिलाओं की उन्नति के लिए लाड़ली बहना योजना चलाई जा रही है, जिससे प्रदेश की करोड़ों महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं और अब कई नई बहनें 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर इस योजना के तहत पात्रता शर्तें पूर्ण करके इसके दायरे में आ चुकी हैं लेकिन मप्र सरकार ने इस योजना में नए नाम जोड़ने का कार्य बंद कर रखा है, जिससे हजारों की संख्या में महिलाएं पात्र होने के बाद भी इस योजना के लाभ से वंचित हैं और उनको आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जबकि पात्रता शर्तों के दायरे से बाहर निकलने वाली महिलाओं के नाम लगातार काटे जा रहे हैं। जब इस योजना के तहत ना आने पर महिलाओं के नाम काटे जा सकते हैं तो नई पात्र महिलाओं के नाम जोड़ने में राज्य सरकार को क्या दिक्कत है, ये किसी की भी समझ से परे है।

पंकज शर्मा ने आगे कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहनों से किए अपने वादे को तत्काल पूरा करते हुए आगामी रक्षाबंधन के त्यौहार से ही सभी लाड़ली बहनों को तत्काल तीन हजार रुपए प्रतिमाह की राशि देना प्रारंभ करे, इस बढ़ोत्तरी को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए, इसे टालने की कोशिश प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात होगा, जिसका परिणाम राज्य सरकार को आने वाले समय में भुगतना होगा। पंकज शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष से उनकी जनहित और महिला हित की इन दोनों मांगों को तत्काल स्वीकार करते हुए राज्य सरकार को इस बारे में आवश्यक दिशानिर्देश देने को कहा ताकि बड़ी संख्या में इस योजना के लाभों से वंचित पात्र महिलाएं इसका लाभ प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें और राशि बढ़ने से राज्य सरकार की महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने की मंशा पूर्ण हो सके।

## पीएम फसल बीमा योजना में शीध्र करें आवेदन किसान , अंतिम तिथि 31 जुलाई

**जागरण, सीहोर ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के फसल बीमा लाभ के लिए शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों पर ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर किसानों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। फसल बीमा कराने के लिए किसान अपना आवेदन आधार कार्ड, बही की छायाप्रति, बचत बैंक खाता की छायाप्रति एवं खरीफ के लिए निर्धारित बीमित राशि का 02 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर प्रीमियम के साथ संबंधित राष्ट्रीयकृत बैंक, जिला सहकारी बैंक मर्यादित तथा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में जमा कराकर आवेदन कर सकते हैं और फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है। राज्य सरकार किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लक्ष्य पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकें अपनाने, फसलों के विविधीकरण तथा खेती के साथ पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन आदि गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाए। राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसानों के खेत पर जाकर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराएं।

## रात में स्मार्ट मीटर से आटो कट कर दी बिजली, सैकड़ों घरों में छाया अंधेरा

**जागरण, सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हरियाली अमावस्या की रात को अनेक घरों में अंधेरा कर दिया। बताया गया है कि बिना पूर्व सूचना के मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कपंनी ने सीहोर नगर के जोन वन क्षेत्र के अनेक घरों में स्मार्ट मीटर को आटो कर दिया जिससे कई घरों में अंधेरा छा गया ऐसे में विद्युत वितरण कपंनी में कार्यालय में संपर्क करने पर कहा गया है कि बिल जमा करने के बाद कार्यालय को सूचित करें उसके बाद लाईट चालु की जाएगी। बताया गया है कि यही कार्य यदि विद्युत वितरण कंपनी में दिन में करती तो लोग आसानी से बिजली बिल जमा कर सकते थे क्योंकि हर व्यक्ति ऑनलाईन ट्रांस्जेक्शन नही करता हैं। ऐसे में लोग काफी परेशान हो रहे हैं, उल्लेखनीय है कि सीहोर आए स्मार्ट मीटर के प्रबंधक सीके पंवार ने साफ कहा था कि स्मार्ट मीटर और लाईट के आने जाने में मानवीय हस्तक्षेप नही रहेगा, आज रात में यह देखने में आया कि बिल जमा करने के बाद भी जमा बिल का स्क्रीन शार्ट दिखाने के लिए विद्युत वितरण कपंनी के कार्यालय बुलाया गया उसके बाद ही लाईट चालु करने का कहां। यह सीधे-सीधे विद्युत वितरण कंपनी का लाईट चालु करने में मानवीय हस्तक्षेप सामने आया हैं। उल्लेखनीय है कि नगर में स्मार्ट लगाने में भी भेदभाव और मनमानी की गई है कई क्षेत्रों में जिन उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम ने सेटिंग कर ली उन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर नही लगाए गए। कई जगह अनेक घर छोड़ दिए गए है यह मनमानी नहीं तो क्या।

### रपटे या पुलिया पर बाढ़ का पानी हो तो न करें पार

**जागरण, सीहोर ।** प्रदेश में मानसून सक्रिय हो गया है। लगभग सभी जिलों से बारिश होने की सूचनाएं मिल रही हैं। आवागमन के दौरान सड़क पर या किसी पुल-पुलिया में बाढ़ का पानी तेजी से आ रहा हो,तो नागरिक उसमें आने-जाने से बचें। जोखिम पूर्ण यात्रा करने से बचे। सजग रहें और सावधानी बरतें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत दिवस मीडिया को जारी संदेश में कहा है कि वे प्रदेश के सभी कलेक्टर्स एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करा रहे हैं कि किसी भी जिले में वर्षा के चलते नागरिकों को परेशानी न आने पाए।

## हरियाली अमावस्या पर कीचड़ व गंदगी के बीच श्रद्धालुओं ने किया नर्मदा स्नान



### नीलकंठ, मंडी, सीलकंठ व छीपानेर में रही भीड़

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** गुरुवार को हरियाली अमावस्या के मौके पर क्षेत्र के हजारों श्रृद्धालुओं को कीचड़ व गंदगी के बीच नर्मदा तट नीलकंठ में स्नान करना पड़ा। लगातार बारिश होने व बीते दिनों बरगी बांध के गेट खोले जाने के बाद अचानक नर्मदा के जलस्तर में तेजी के साथ वृद्धि हुई, जिससे नर्मदा तटों के घाटों पर कपा व कीचड़ जैसे हालात निर्मित हो गये। नर्मदा का पानी उतरने के बाद भी घाट सफाई नहीं होने से ऐसे हालत निर्मित हुए। सबसे ज्यादा समस्या बुजुर्ग महिला व पुरुष श्रृद्धालुओं को उठानी पड़ी। घाट पर गंदगी व कीचड़ अधिक होने से फिसलन की स्थिति भी निर्मित हुई, जिसके कारण कई श्रृद्धालु घाट पर गिरकर घायल भी हुए, जिन्हें अन्य श्रृद्धालुओं द्वारा हाथ पकड़कर स्नान कराया गया।

वैसे बरसात के दिनों में क्षेत्र के नर्मदा तट नीलकंठ में ऐसी स्थिति निर्मित होना आम बात हैं। बरसात के दिनों में पंचायत द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता हैं। जबकि प्रशासनिक स्तर पर पहले ही पंचायतों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किये जाते हैं। लेकिन इस बार प्रशासन भी हरियाली अमावस्या पर निर्देश देना भूल गया। उल्लेखनीय हैं कि गुरुवार को हरियाली महोत्सव के चलतें क्षेत्र के नर्मदा तट नीलकंठ, छीपानेर, मंडी, सीलकंठ, छिदगांव कांछी सहित अन्य तटों पर प्रातः से ही श्रृद्धालुओं का पहुंचना शुरु हो गया था। दोपहर 2 बजे तक श्रृद्धालुओं की भीड़ तटों पर लगी रही। इस दौरान श्रृद्धालुओं द्वारा मां नर्मदा में स्न्नान कर तटों पर बैठे परिक्रमावासियों, कन्याओं को दान-पूण्य भी किया। साथ ही तटों पर स्थित शिवालयों में भगवान भोले का नर्मदा जल से अभिषेक कर पुण्य लाभ कमाया गया। गुरुवार को सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान रिमझिम बारिश के बीच श्रृद्धालुओं की आस्था कम होती नजर नहीं आई।

### पूरी बरसात घाट पर रहेंगे ऐसे ही हालात

अभी बरसात का दो माह का समय शेष बचा हुआ हैं। ऐसे में नर्मदा घाटों पर बाढ़ आना व घाटों पर कीचड़ व गंदगी पसरी होना आम समस्या हैं। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायतों को चाहिए कि वह बाढ़ का पानी उतरने के बाद साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे। नहीं तो ऐसे हालात पूरी बरसात के दौरान अमावस्या व अन्य धार्मिक त्यौहारों पर घाटों पर रहेंगे। ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी श्रृद्धालुओं को उठानी पड़ेगी।




लोकप्रिय भाजपा नेता
एवं नगरीय प्रशासन मंत्री
मा. कैलाश जी
विजयवर्गीय
के
नगर आगमन पर
स्वागत.. वंदन..
अभिनंदन...
मा. रायसिंह मेवाड़ा
नपाध्यक्ष प्रतिनिधि आष्टा
रूपेश राठौर
अध्यक्ष, व्यापार महासंघ आष्टा
नितिन महांकाल
भाजपा नेता
महेंद्र ठाकुर
युमो जिला महामंत्री
रवि शर्मा
पार्षद, नगर पालिका आष्टा
चेतन छाजेड़
युवा भाजपा नेता
सौः- मा. कैलाश विजयवर्गीय मित्र मंडल आष्टा।